# जेक्षीतारा

## माँ का प्यारा



# जेज़ीतारा और फुटबॉल मैच




मैं हर मैच जीतता हूँ लेकिन आज तुम्हारी वजह से मैं मैच हार गया।
मुझे टीम में तुम्हारी कोई ज़रूरत नहीं!


क्या हुआ? बेटा जेज़ी!
दादी माँ मैं मेच हार गया। ये सब रियो की वजह से हुआ है।
नहीं, बेटा जेज़ी जब भी तुम मैच हारते तो उसका इल्ज़ाम किसी न किसी पर लगाते हो।


जब तुम कोई मैच जीतते हो तो सारा क्रेडिट खुद ले लेते हो। यूँ ही सब तुमसे नाराज रहते हैं।
तो मैं क्या करूँ।
देखो बेटा अगर तुम कोई मैच जीतते हो तो, तुम्हारी पूरी टीम मैच जीतती है।
उसी प्रकार जब तुम कोई मैच हारते हो तो पूरी टीम मैच हारती है। न कि तुम।
इसीलिए तुम्हें गुस्सा करने या लड़ने की कोई जरूरत नहीं है।


अच्छा बताओ, यदि किसी क्रिकेट टीम में सभी बल्लेबाज़ होंगे तो क्या वह टीम मैच जीत जाएगी?
बिल्कुल नहीं, दादी माँ!
तो तुम कैसे जीत सकते हो?
सॉरी दादी माँ!
हाँ हाँ! सॉरी मुझे नहीं, रियो और अपनी टीम को बोलो।
ठीक है दादी माँ! मैं अभी उन्हें सॉरी बोलकर आता हूँ।




प्यारे बच्चों!
महान से महान खिलाड़ी भी हारते हैं।
हारने से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।
जिससे वे बड़ी जीत के लिए तैयार होते हैं।
क्योंकि कोई भी जीत कोई जादू नहीं है।




जेज़ीतारा और कमरे की सफाई
ये क्या हाल बना रखा है, तुमने कमरे का जेज़ी!


मेरा प्लेन नहीं मिल रहा।
तुम्हें कितनी बार समझाया है। कि अपना सामान ठीक जगह पर रखा करो।
और क्या पता तुम्हारा प्लेन भी मिल जाए।




हुर रे! हुर रे!
दादी माँ मेरा प्लेन मिल गया।
ओह अच्छा दादी माँ मैं आपकी बात समझ गया।


मैं अब कभी भी कोई सामान इधर-उधर नहीं डालूँगा।
शाबाश! मेरे जेज़ी।
ये हुई न अच्छे बच्चों वाली बात।




प्यारे बच्चों!
हम अपना सामान जहाँ से उठाये
वहीं पर वापिस रखना चाहिए, इससे
हमें ही अगली बार सामान ढूंढने में
परेशानी नहीं होगी।



## प्यारे बच्चों क्या आप भी जेज़ी तारा की तरह बनना चाहते हो?

ठीक है। आज मैं आपको जेजी तारा की सभी अच्छी आदतों के बारे में बताता हूँ। इन आदतों को आप भी अपने ऊपर लागू करके जेजी तारा की तरह अच्छे, स्वस्थ, सुन्दर व सुपर हीरो बन सकते हो।

- जेजी तारा सुबह जल्दी उठता है।
- जेजी तारा सुबह व रात (सोने से पहले) को हमेशा ब्रश करता है।
- जेजी तारा रोजाना व्यायाम करता है।
- जेजी तारा रोजाना नहाता है।
- जेजी तारा रोजाना प्रार्थना करता है।
- जेजी तारा रोजाना स्कूल जाता है।
- जेजी तारा बाहर की बनी चीजें न खाकर घर का बना खाना खाता है।
- जेजी तारा रोजाना समय पर पढ़ता व समय पर खेलता है।
- जेजी तारा हमेशा दूसरों की मदद करता है।
- जेजी तारा सही समय पर सोता है।

और हाँ प्यारे बच्चों जीत कोई जादू नही है बस जीतने की हिम्मत रखों। आप जीत जाओगे...






प्यारे बच्चों आप सब जेज़ीतारा
की तरह आज्ञाकारी व
सुन्दर बनें और सुपरहीरो कहलाये।

डा० अनुज रस्तोगी
Tara Kids